पत्र संख्या–वन भूमि–03/2016– 1405 व०प०

**झारखण्ड सरकार**

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

प्रेषक,

**सुनील कुमार,**
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

**सहायक वन महानिरीक्षक (एफ०सी०),**
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड,
नई दिल्ली–110003

राँची, दिनांक– 04/04/2018

**विषय :– सी०सी०एल० की कोनार वाशरी एवं अन्य परियोजना हेतु 68.40 हे० वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– भवदीय पत्रांक–8-42/2017-FC दिनांक–27.07.2017

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा की गई पृच्छा के आलोक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–535 दिनांक–06.02.2018 से प्राप्त निराकरण प्रतिवेदन की छायाप्रति (अनुलग्नक सहित) संलग्न है।

पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन की स्थिति निम्नवत् है:–

पृच्छा संख्या–**(a)** के निराकरण में C-B Analysis report संलग्न है।

पृच्छा संख्या–**(b)** के निराकरण में प्रतिवेदित है कि कोनार OCP हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के क्रम में MoEF द्वारा TOR का निर्धारण किया गया, जिसमें एक शर्त है कि वाशरी की स्थापना तथा Rejects से Thermal Power Plant की स्थापना प्रस्तावित' खनन क्षेत्र के नजदीक किया जाय। उक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखकर विषयक प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

पृच्छा सं०–**(c)** के निराकरण में Detailed Land Use Plan अनु०–'C' पर रक्षित है।

पृच्छा संख्या–**(d)** के निराकरण में प्रश्नगत प्रस्ताव के Proposal No.FP/JH/others/20067/2016 दिनांक 17.06.2017 में DGPS Map Online पूर्व में upload कर दिया गया था। पुनः इसकी प्रति अनु०–d पर रक्षित है।

पृच्छा संख्या–**(e)** के निराकरण में प्रतिवेदित है कि उपायुक्त, बोकारो द्वारा प्रदत्त FRA संबंधी प्रमाण पत्र में प्रस्तावित वनभूमि की विवरणी अंकित है। पुनः FRA संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति अनु०–'e' पर रक्षित है।

पृच्छा संख्या–**(f)** के निराकरण में प्रतिवेदित है कि MoEF&CC, Ranchi Regional Office के DCF द्वारा CA Sites के निरीक्षण के क्रम में इसे वनरोपण के लिए उपयुक्त पाया गया। प्रस्तावित 68.40 हे० के दोगुणे 136.80 हे० में से 29.64 हे० अधिक अर्थात 166.44 हे० क्षतिपूरक वनरोपण की वनभूमि को चिन्हित किया गया है। अतः किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

o/c

कृ०पृ०उ०


Phone/Fax- 0651-2490133, Email-Id:- dysecyfdjharkhand2013@rediffmail.com

195

पृच्छा संख्या–(g) के निराकरण में प्रतिवेदित है कि प्रस्तावित washery की कोनार नदी से दूरी 1278 मीटर है, वाशरी Closed Water Circuit पर based है तथा washery effluents के नदी तक पहुँचने की संभावना नहीं है, बरकाना से गोमो रेलवे लाईन वाशरी तथा नदी के बीच अवस्थित है, जो एक barrier का काम करेगी। इसके अतिरिक्त Project boundary के चारो तरफ वनरोपण तथा वाशरी से Coal Trasportation बन्द Conveyer बेल्ट के माध्यम से प्रस्तावित है, जिससे प्रदूषण की संभावना कम होगी।

पृच्छा संख्या–(h) के निराकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सम्पुष्ट किया गया है कि प्रस्तावित वाशरी का 19 हे0 पूर्व अपयोजित 288.26 हे0 के अंतर्गत है तथा 7.40 हे0 वर्तमान प्रस्ताव (68.40 हे0) में प्रस्तावित है।

कृपया विषयक प्रस्ताव में अग्रत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

3/4/18

(सुनील कुमार)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वन भूमि–03/2016– 1405 व०प०, राँची, दिनांक– 04/04/18

प्रतिलिपि–अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, बंगला नं0–A-2, श्यामली कॉलोनी, राँची–834002 को अनुलग्नक के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

3/4/18

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वन भूमि–03/2016– 1405 व०प०, राँची, दिनांक– 04/04/18

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची/उप महाप्रबंधक (पर्यावरण एवं वन), सी0सी0एल0, दरभंगा हाउस, राँची–834001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/4/18

सरकार के उप सचिव


Phone/Fax- 0651-2490133, Email-Id:- dysecyfdjharkhand2013@rediffmail.com